55. जनवरी 2022 में त्रि-दिवसीय योग महोत्सव की मेजबानी की थी–

(a) उदयपुर ने (b) राजसमंद ने
(c) करौली ने (d) जयपुर ने

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (b) : आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद, अखिल विश्व गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में भगवान योगेश्वर श्रीकृष्ण स्वरूप श्रीनाथ जी की पावन नगरी नाथद्वारा (राजसमंद) में त्रिदिवसीय (8, 9 व 10 जनवरी, 2022) योग महोत्सव का आयोजन किया गया।

56. शेखावटी ब्रिगेड का मुख्यालय कहाँ स्थित था?

(a) खेतड़ी (b) सीकर
(c) झुँझुनू (d) फतेहपुर

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा 2019, 21 मार्च 2021

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (c) : शेखावटी ब्रिगेड का मुख्यालय झुँझुनूं में स्थित था। शेखावटी में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए 1835 में झुंझुनूं में शेखावटी ब्रिग्रड की स्थापना की गई थी।
बाद में इसे अन्य ब्रिगेड के साथ मिला दिया गया।

57. नवम्बर 2020 में राजस्थान के मुख्यमंत्री ने अपनी तरह के पहले 'अंग दान स्मारक' का वर्चुअली उद्घाटन यहाँ पर किया–

(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) जैसलमेर (d) कोटा

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा 2019, 21 मार्च 2021

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (b) : 27 नवम्बर 2020 को जयपुर में 11वें राष्ट्रीय अंगदान दिवस समारोह के अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देश में अपनी तरह के पहले 'अंगदाता स्मारक' का उद्घाटन किया। यह स्मारक जयपुर के प्रसिद्ध जंतर-मंतर से प्रेरित है और इसे समीर व्हीटन द्वारा डिजाइन किया गया है।

58. अमृता देवी, उनकी तीन पुत्रियों एवं अन्य सैकड़ों लोगों ने पेड़ों को बचाने के लिए अपना जीवन खोया। वर्ष 1731 में किस रियासत के राजा ने पेड़ों को काटने का आदेश दिया?

(a) सीकर (b) जोधपुर
(c) उदयपुर (d) चित्तौड़गढ़

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (b) : वर्ष 1731 में जोधपुर रियासत के राजा अभय सिंह ने खेजड़ी के वृक्षों को काटने का आदेश दिया था। इसके विरोध में अमृता देवी व उनकी तीन पुत्रियो आसू, रत्नी और भागू बाई एवं अन्य सैकड़ों लोगों ने अपना जीवन बलिदान कर दिया था।

59. राजस्थान के किस शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 पुरस्कारों के अंतर्गत 10 लाख से अधिक जनसंख्या के वर्ग में नागरिकों के फीडबैक में भारत का सर्वश्रेष्ठ शहर घोषित किया गया?

(a) जयपुर (b) कोटा
(c) अजमेर (d) जोधपुर

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (b) : स्वच्छ सर्वेक्षण रिपोर्ट-2018 में देश का सबसे स्वच्छ शहर मध्य प्रदेश का इन्दौर घोषित किया गया तथा 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में राजस्थान के 'कोटा' को नागरिकों के फीडबैक के आधार पर सर्वश्रेष्ठ शहर का पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 2022 के सर्वेक्षण में कोटा शहर टाप-100 में भी जगह नहीं बना सका।

60. जयपुर स्ट्रीट लाइट सिस्टम परियोजना के अन्तर्गत जयपुर में दिसम्बर 2017 तक कितनी LED लाइट्स इन्स्टाल कर दी गई थी?

(a) 26,626 (b) 45,000
(c) 30,035 (d) 15,526

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : दिसम्बर, 2017 तक जयपुर में, जयपुर स्ट्रीट लाइट सिस्टम परियोजना के अन्तर्गत कुल 26,626 LED लाइटों को इन्स्टाल किया जा चुका था। स्ट्रीट लाइटों में LED लगवाने की योजना जनवरी, 2015 से प्रारम्भ किया गया था।

61. राजस्थान राज्य में पानी लेखा परीक्षा का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(a) जल सम्बन्ध संरचनाओं की प्रभावोत्पादकता, रखरखाव और सुरक्षा
(b) शहरी जल संरक्षण
(c) नगरनिगम और औद्योगिक जल संरक्षण
(d) ग्रामीण और कृषि सम्बन्धित जल संरक्षण

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : राजस्थान जल संकट से ग्रसित राज्य है, जिसके कारण राजस्थान राज्य में पेयजल की कमी को दूर करने तथा भविष्य में जल संरक्षण हेतु शहरी जल संरक्षण, औद्योगिक जल संरक्षण एवं ग्रामीण व कृषि सम्बन्धी जल संरक्षण जैसी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

62. उत्तर-पश्चिम रेलवे का मुख्यालय स्थित है–

(a) जोधपुर (b) अजमेर
(c) भरतपुर (d) जयपुर

Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (d) : उत्तर पश्चिम रेलवे का मुख्यालय जयपुर, राजस्थान में स्थित है। इसकी स्थापना अक्टूबर, 2002 में की गयी थी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मण्डल है–

- जयपुर
- अजमेर
- बीकानेर
- जोधपुर